आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 06.01.2026 **समय : 02.10PM**

प्रधानमंत्री-एच□सीएल सराहना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के विशाख रिफाइनरी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की अवशेष उन्नयन सुविधा के सफल संचालन की सराहना की है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के सोशल मीडिया पोस्ट को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अत्याधुनिक सुविधा, आत्मनिर्भर भारत की भावना के अनुसार ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगी। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में श्री पुरी ने कहा कि यह सुविधा स्वदेशी इंजीनियरिंग का एक उत्कृष्ट नमूना है। उन्होंने कहा कि इसमें इस्तेमाल किये गए कलपुर्जे भारत में ही तैयार किये गए हैं।

प्रगति- प्रधानमंत्री

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। प्रगति से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय होने में मदद मिली है। यह केवल निगरानी नहीं बल्कि प्रशासनिक सुधारों का भी माध्यम साबित हुआ है। इस विशेष श्रृंखला में आज मिशन अमृत सरोवर पर नजर डालते हैं। जिसका उद्देश्य देश में जलाशयों का निर्माण करना और उन्हें पुर्नजिवित करना है।

ई-कैबिनेट एप्लीकेशन

प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज मंत्रि-परिषद की बैठक में सभी मंत्रीगण एवं भारसाधक सचिवों को टैबलेट प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर ई-कैबिनेट एप्लीकेशन के उपयोग को लेकर प्रस्तुतीकरण और प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का असर लगातार बना हुआ है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है और कई स्थानों पर दृश्यता 20 मीटर से भी कम रह गई। शीतलहर और कोहरे के कारण 24 जिलों में स्कूलों की छुट्टियाँ घोषित की गई हैं, जबकि कुछ जिलों में स्कूलों का समय बदला गया है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों तक घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

संक्षिप्त समाचार

1. सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व कल मनाया गया। इस अवसर पर भोपाल के विभिन्न गुरुद्वारों में लंगर और विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया और नगर कीर्तन निकाला गया
2. सिंगरौली में कलेक्टर गौरव बैनल ने लंबित राजस्व प्रकरणों के चलते तहसीलदार को एससीएन जारी करते हुए उनके रीडर को निलंबित करने के निर्देश दिए गए।
3. पन्ना कलेक्टर ऊषा परमार ने जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की सुचारू आपूर्ति तथा आवश्यक प्रबंध के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।
4. भारत के लक्ष्य सेन ने मलेशिया के कुआलालंपुर में मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है।

****